# कमरे में मिला अधेड़ का शव

■ पुलिस ने शव कब्जे में लेकर शुरू की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर के मोहल्ला खताड़ी क्षेत्र में रविवार को एक अधेड़ व्यक्ति का शव उसके घर के कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला,शव कई घंटे पुराना होने के कारण उससे दुर्गंध आ रही थी और मृतक के चेहरे व हाथ झुलसे हुए दिखाई दे रहे थे।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी,पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।



जानकारी के अनुसार रामनगर के मोहल्ला खताड़ी स्थित नॉर्मल स्कूल के समीप रहने वाले लगभग 65 वर्षीय मोबिन कुरैशी पुत्र यामीन कुरैशी ई-रिक्शा चलाकर अपना जीवन यापन करते थे,बताया जा रहा है कि उनकी पत्नी इन दिनों अपने मायके मुरादाबाद उत्तर प्रदेश गई हुई थी।शनिवार रात मो. बिन रोज की तरह ई-रिक्शा लेकर घर पहुंचे और वाहन को घर के बाहर खड़ा कर चार्जिंग पर लगा दिया,रविवार सुबह जब काफी देर तक वह घर से बाहर नहीं निकले और ई-रिक्शा भी उसी स्थान पर खड़ी रही तो आसपास के लोगों को चिंता हुई,पड़ोसियों ने जब घर के भीतर जाकर देखा तो मोबिन कुरैशी का शव कमरे में पलंग पर पड़ा मिला।

शव काफी हद तक सड़-गल चुका था और उससे तेज दुर्गंध आ रही थी, इतना ही नहीं, मृतक के चेहरे और हाथ भी झुलसे हुए दिखाई दिए, जिससे मामले ने और भी रहस्यमय रूप ले लिया, शव मिलने की खबर फैलते ही इलाके में लोगों की भीड़ जुट गई और पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाल सुशील कुमार, एसएसआई दीपक बिष्ट पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे,पुलिस ने घर में रहने वाले अन्य परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की। प्रारंभिक जांच में परिजनों ने बताया कि मो. बिन कुरैशी लंबे समय से बीमार रहते थे और उन्हें पैरालिसिस की समस्या थी, जिसका उपचार चल रहा था। मामले में कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है।इसलिए शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी।फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन जांच में जुटी हुई है। मृतक पांच भाई बहन थे और उनके कोई संतान नहीं थी।

# सागौन के गिल्टों समेत तीन को पकड़ा

■ वन अपराध में प्रयुक्त एक छोटा हाथी वाहन व बाइक बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** तराई पश्चिमी वन प्रभाग रामनगर के डीएफओ और एसडीओ रामनगर के निर्देशन, रामनगर रेंजर के नेतृत्व में रामनगर रेंज एवं वन सुरक्षा दल की संयुक्त टीम द्वारा वन अपराधियों के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण कार्यवाही की गई।

डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य ने बताया कि कार्यवाही के दौरान वन अपराध में प्रयुक्त एक छोटा हाथी वाहन को सागौन के 04 गिल्टों सहित पकड़ा गया। इसके अतिरिक्त वन अपराध में प्रयुक्त एक हीरो मोटरसाइकिल भी बरामद की गई और मौके से तीन वन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

पकड़े गए व्यक्तियों से पूछताछ के आधार पर प्राप्त सूचना पर काशीपुर रेंज अंतर्गत ग्राम लक्ष्मीपुर लच्छी में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान भूसे के ढेर में



छिपाकर रखे गए सागौन प्रकाष्ठ के 11 नग बरामद किए गए। बरामद छोटा हाथी वाहन एवं हीरो मोटरसाइकिल को भी कार्यवाही के लिए वन अभिरक्षा में ले लिया गया है। गिरफ्तार किए गए काशीपुर निवासी मंजीत सिंह,राजकुमार और रामनगर निवासी गोविंद सिंह तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

इस दौरान टीम में रामनगर रेंज के रेंजर डीएन सुनाल, जगदीश चंद्र,आशुतोष,अजमत खान,सुरजीत रावत,तेजपाल सिंह आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### भारतीय वायु सेना में चयन होने पर ठुकराल ने मेघा सिंह को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भारतीय वायु सेना में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे देश में तीसरी तथा उत्तराखंड में प्रथम रैंक प्राप्त करने वाली रुद्रपुर की बेटी मेघा सिंह को पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने सम्मानित किया।



ठुकराल ने ईश्वर कॉलोनी स्थित मेघा सिंह के आवास पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दीं और सम्मान स्वरूप गणेश जी की प्रतिमा भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पूर्व विधायक राज. कुमार ठुकराल ने मेघा सिंह की उपलब्धि को रुद्रपुर ही नहीं बल्कि पूरे ऊधमसिंह नगर जनपद और उत्तराखंड के लिए गौरव का विषय बताया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतियोगी चयन प्रक्रिया में पूरे भारत में तीसरी तथा राज्य में प्रथम रैंक प्राप्त करना असाधारण उपलब्धि है, जो उनकी मेहनत, लगन और समर्पण का परिणाम है। मेघा सिंह के पिता प्रताप सिंह केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में निरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता साधना सिंह गृहिणी हैं। इस अवसर पर मेघा सिंह ने कहा कि भारतीय वायु सेना में चयन होना उनके लिए गर्व और सम्मान का विषय है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता, शिक्षकों और परिवार के सहयोग को दिया।

### सीमेन्ट की दुकान के गल्ले से 80 हजार चुराए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** सीमेन्ट खरीदने के बहाने से आये युवकों ने दुकानदार को अपनी बातों में लगाकर दुकान के गल्ले में रखी 80 हजार रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर दिया।

रामराज रोड पर भौना बिराहा रोड के सामने स्थित गुरूनानक आयरन एण्ड सीमेन्ट स्टोर पर तीन युवक सीमेन्ट खरीदने के लिए आये। जिसमें से दो युवक दुकान में दाखिल हुये और एक युवक दुकान के बाहर बाईक पर खड़ा रहा। दो युवकों ने दुकान स्वामी बलदेव विनायक को सीमेन्ट दिखाने के लिए कहा। वह उन दोनों युवकों को दुकान के पीछे स्थित गोदाम में सीमेन्ट दिखाने ले गये। इतने में ही मौका पाकर बाईक पर खड़े तीसरे युवक ने दुकान के गल्ले में रखी 80 हजार रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। तीनों युवक दुकान स्वामी को बातों में उलझाकर मौका पाकर दुकान से रफूचक्कर हो गये। पीड़ित दुकानदार बलदेव विनायक ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने अपनी जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### भीषण गर्मी से राहत को रेलवे यात्रियों को पिलाया शीतल जल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** एलायंस क्लब खटीमा ने कार्यक्रम अध्यक्ष विनीत गुप्ता के संयोजन में रेलवे स्टेशन खटीमा प्लेटफॉर्म पर दिल्ली जाने वाली जन शताब्दी एक्सप्रेस, टनकपुर मेला स्पेशल ट्रेन और प्रतीक्षारत यात्रियों को जन सेवार्थ शीतल जल बांटा। सभी यात्रियों ने शीतल जल पीकर गला तर किया तथा राहत की सांस ली। इसके साथ ही उन्होंने क्लब के इस सराहनीय कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की।



कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एलॉय जितेन्द्र पारूथी ने क्लब द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यक्रमों को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि समाज के हर व्यक्ति तक पवित्र भावना से सेवा की पहुंच से ही जीवन धन्य होता है और यह एलायंस क्लब समाज के साथ सीधा जोड़ने का कार्य कर रहा है। वहीं कार्यकारिणी अध्यक्ष मनोज कन्याल ने मंगलवार को शहीद स्मारक के पास लगाए जाने वाले छबील के लिए सदस्यों से सेवा की अपील की। इस मौके पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जितेन्द्र पारूथी, अध्यक्ष मनोज कन्याल,कमल गहतोड़ी, डा.महेन्द्र प्रताप पाण्डेय, पंकज टम्टा, एड. अमित मिश्रा, दीपक चन्द, मुकेश गुप्ता, राहुल शर्मा, किशन पाल, संदीप काण्डपाल, राकेश कुमार 'रॉक्सी', मनोज भट्ट और अनूप कुमार पाठक ने अपना सराहनीय योगदान किया।

### खड़ी कार में लगी भीषण आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** रामनगर के ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में रविवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब परिसर के अंदर खड़ी एक इंडिका कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी कार धू-धू कर जलने लगी। घटना के दौरान मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

प्रत्यक्षदर्शायों के अनुसार इंडिका कार राजू मिस्त्री की दुकान ट्रांसपोर्ट नगर परिसर में खड़ी थी। दोपहर के समय अचानक कार से धुआं निकलता दिखाई दिया। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता आग ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कुछ ही मिनटों में कार पूरी तरह आग के हवाले हो गई, आसपास मौजूद लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की तीव्रता के कारण सफलता नहीं मिल सकी। घटना की सूचना तत्काल फायर ब्रिगेड और स्थानीय प्रशासन को दी गई। फायर स्टेशन अधिकारी गोपाल सिंह रावत ने बताया कि सूचना मिलने के बाद अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, हालांकि तब तक कार लगभग पूरी तरह जल चुकी थी और उसमें रखा सामान भी नष्ट हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि आग समय रहते नियंत्रित नहीं की जाती तो आसपास खड़े अन्य वाहनों और संपत्तियों को भी नुकसान पहुंच सकता था।

### महिलाओं के गले से लूटी गई चेनों का खुलासा न होने को लेकर जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में बीती 25 मई को निकल रही कलश यात्रा के दौरान मधु मेहरोत्रा, रुक्मणी अग्रवाल और दो अन्य महिलाएं सहित चार महिलाओं के गले से अचानक सोने की लाखों रुपए की चौने अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई थी इसके साथ ही चोरों ने कलश यात्रा में मौजूद कई महिलाओं और पुरुषों की जेब भी काट डाली थी। घटना का अभी तक खुलासा न होने को लेकर रविवार को नगर के व्यापारियों एवं पीड़ित परिवारों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए कई सवाल खड़े किए हैं तो वही इस मामले को लेकर व्यापारियों की कोसी रोड स्थित रामलीला परिसर में हुई। बैठक में कोतवाल सुशील कुमार पुलिस टीम के साथ स्वयं मौके पर पहुंचे और उन्होंने व्यापारियों एवं पीड़ित परिवारों से वार्ता करते हुए बताया कि पुलिस द्वारा घटना के खुलासा को लेकर लगातार पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही इस घटना का खुलासा किया जाएगा।

# लेवड़ा नदी के अस्थायी पुल की पुलिया में खतरनाक स्टंड करते दिखे बच्चे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नगर क्षेत्र के अंतर्गत लेवड़ा नदी पर बने अस्थायी पुल के नीचे स्थित पुलिया में तीन बच्चों द्वारा जान जोखिम में डालकर अंदर घुसने और फिर बाहर निकलने का मामला सामने आया है। बच्चों की इस खतरनाक हरकत का वीडियो और तस्वीरें सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ गई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बच्चे खेल-खेल में पुलिया के संकरे हिस्से के अंदर चले गए और कुछ देर बाद बाहर निकल आए। इस दौरान यदि पानी का बहाव अचानक बढ़ जाता या बच्चे अंदर फंस जाते, तो बड़ा हादसा हो सकता था। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिया के भीतर पर्याप्त जगह नहीं है और वहां किसी भी समय दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है।

क्षेत्रवासियों ने अभिभावकों से बच्चों पर विशेष निगरानी रखने की अपील की है, ताकि वे ऐसे खतरनाक स्थानों पर जाने से बचें। साथ ही प्रशासन से भी पुल के आसपास सुरक्षा संबंधी चेतावनी बोर्ड लगाने और आवश्यक सुरक्षा इंतजाम करने की मांग की गई है। लोगों का कहना है कि बरसात के मौसम में नदी का जलस्तर अचानक बढ़ सकता है, जिससे पुलिया के आसपास खेल रहे बच्चों की जान को गंभीर खतरा हो सकता है।

समय रहते सावधानी नहीं बरती गई तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता।

# वाटर कूलर और बिजली समस्याओं को लेकर घिरे ग्राम प्रधान

■ विकास कार्यों में अनियमितता और कमीशनखोरी के आरोप

■ यूथ कांग्रेस नेता ने प्रेस वार्ता में खोला मोर्चा, ग्रामीणों ने भी जताई नाराजगी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** ग्राम बैरिया दौलत में विकास कार्यों, पेयजल व्यवस्था और सार्वजनिक सुविधाओं को लेकर ग्राम प्रधान की कार्यशैली पर सवाल खड़े होने लगे हैं। रविवार को निजी फार्म पर आयोजित एक प्रेस वार्ता में यूथ कांग्रेस के जिला महासचिव हरभजन सिंह ने ग्राम प्रधान पर विकास कार्यों में लाप. रवाही, मनमानी और अनियमित. ताओं के गंभीर आरोप लगाए। इस दौरान कई ग्रामीणों ने भी अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए गांव की मूलभूत समस्याओं के समाधान की मांग की।

हरभजन सिंह ने दावा किया कि ग्राम पंचायत के विभिन्न खातों में वर्तमान समय में लगभग 21 लाख 85 हजार 584 रुपये की धनराशि उपलब्ध है, इसके बावजूद ग्रामीणों को यह कहकर टाल दिया जाता है कि पंचायत के पास बजट नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि नाली निर्माण, सड़क निर्माण, जल निक. सी और विद्युत संबंधी कार्यों के लिए जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों द्वारा कई बार मांग उठाई गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने बताया कि ग्राम बैरिया दौलत में सड़क किनारे लगाया गया सार्वजनिक वाटर कूलर लंबे समय से खराब पड़ा हुआ है, जिसके कारण भीषण गर्मी में राहगीरों और स्थानीय लोगों को पेयजल के लिए परेशान होना पड़ रहा है। इसके अलावा गांव में लगी एक स्ट्रीट लाइट भी काफी समय से बंद पड़ी है, जिससे रात के समय लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रेस वार्ता के दौरान युवा नेता ने आरोप लगाया कि गांव में कराए गए सड़क और नाली निर्माण कार्यों में मानकों की अनदेखी करते हुए घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विकास कार्यों में 22 प्रतिशत कमीशनखोरी का खेल चल रहा है, जिसकी निष्पक्ष जांच कराए जाने की आवश्यकता है।

मामले को और गंभीर बताते हुए हरभजन सिंह ने कहा कि ग्राम क्षेत्र की एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद महिलाओं को पंचायत करने के लिए बुक्सा परिषद भवन की आवश्यकता थी, लेकिन आरोप है कि ग्राम प्रधान द्वारा भवन का ताला नहीं खोला गया और न ही महिलाओं को चाबी उपलब्ध कराई गई। इससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी व्याप्त है। प्रेस वार्ता में मौजूद ग्रामीणों ने पंचायत प्रशासन से गांव की मूलभूत समस्याओं का शीघ्र समाधान करने तथा विकास कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की। इस मौके पर शैठ सिंह, निशान सिंह, सुखदेव सिंह, कुल. विंदर सिंह, मंजीत गिल, रोहित तुली, रोहित चोपड़ा, सुखविंदर सिंह, कृपाल सिंह जिगर सिंह, आदि लोग मौजूद थे।

## नियमों और सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप हो रहे हैं काम: ग्राम प्रधान

**बाजपुर।** ग्राम पंचायत बैरिया दौलत के ग्राम प्रधान रामचंद्र सिंह ने अपने ऊपर लगाए गए सभी आरोपों को निराधार एवं तथ्यहीन बताया है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत में कराए जा रहे सभी विकास कार्य निर्धारित इस्टीमेट, ग्राम सभा के प्रस्तावों तथा स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार ही किए जा रहे हैं। प्रधान रामचंद्र सिंह ने स्पष्ट किया कि किसी भी कार्य में कमीशनखोरी या अनियमितता का कोई प्रश्न ही नहीं उठता। उन्होंने कहा कि वह स्वयं ब्लॉक स्तर के अधिकारियों, बीडीओ एवं एडीओ पंचायत से कहते हैं कि किसी भी शिकायत या संदेह की स्थिति में पहले निष्पक्ष जांच की जाए। जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उन्हें स्वीकार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अपने व्यक्तिगत हितों के अनुसार कार्य कराना चाहते हैं, लेकिन ग्राम पंचायत के कार्य नियमों और सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही होंगे। किसी व्यक्ति विशेष के दबाव में कोई कार्य नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ लगाए गए सभी आरोप पूरी तरह निराधार हैं तथा ग्राम पंचायत में विकास कार्य पारदर्शिता के साथ कराए जा रहे हैं।

## पशु कल्याण बोर्ड के नवनियुक्त उपाध्यक्ष का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** पशु कल्याण बोर्ड के नवनियुक्त उपाध्यक्ष रणजीत सिंह नामधारी का विभिन्न सामाजिक संगठनों तथा ग्रामीणों ने जगह-जगह स्वागत किया।

इस दौरान उपाध्यक्ष का ग्राम बरी अंजनिया खुदागंज टेढ़ाघाट झनकट आदि स्थानों पर स्वागत समारोह किया गया। इस दौरान उपाध्यक्ष ने कहा कि पशु कल्याण बोर्ड का मुख्य उद्देश्य केवल कागजी कार्रवाई करना नहीं बल्कि धरातल पर बेसहारा और बीमार पशुओं की सुध लेना है। सरकार की योजनाओं को हर गौशाला और पशु आश्रय गृह तक पहुंचाया जाएगा। इस दौरान गुरसेवक सिंह, हरप्रीत सिंह महल, अवतार सिंह, बलविन्द्र सिंह, जसपाल सिंह, कुलतार सिंह, जनरैल सिंह, भगवंत सिंह, साधु सिंह नामधारी आदि मौजूद रहे।

# विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटे सपा कार्यकर्ता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी उत्तराखंड अरविंद यादव ने गदरपुर विधानसभा में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। विधानसभा चुनाव की रूप-रेखा तैयार करते हुए पार्टी के जोन प्रभारियों की बैठक की गई। जो निष्क्रिय जोन प्रभारी थे उनके स्थान पर नए जोन प्रभारियों की नियुक्ति की गई।

अरविन्द यादव राष्ट्रीय महासचिव यूथ ब्रिगेड ने कहा सभी जोन प्रभारी 20 जून तक सभी बूथ प्रभारियों की सूची तैयार करेंगे। नए बनाए गए जोन प्रभारियों की सूची निम्न है। अमित कुमार (प्रभारी जोन चकरपुर मो. सलीम (प्रभारी जोन गदरपुर मो. आजम (प्रभारी जोन केलाखेड़ा प्रो. रहीस लाला (प्रभारी जोन बद्रीपुर, अरविन्द दिवाकर प्रभारी जोन गुलरभोज, दीपक दिवाकर प्रभारी जोन नन्दपुर किया गया।

# पुलिस ने तीन घंटे में दबोचा बाइक चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** ऑपरेशन प्रहार के तहत बाजपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल चोरी की घटना का महज तीन घंटे के भीतर खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरा. ेपी के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है।




ग्राम सरकरा निवासी मोबीन अहमद पुत्र मोहम्मद यामीन ने कोतवाली बाजपुर में तहरीर देकर बताया कि वह 6 जून को उपचार कराने के लिए आयुष्मान अस्पताल बाजपुर गया था। अस्पताल के बाहर अपनी एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल खड़ी कर वह अंदर चला गया। उपचार के बाद वापस लौटने पर उसकी मोटरसाइकिल गायब मिली। पीड़ित की तहरीर के आधार पर कोतवाली बाजपुर में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। लगातार बढ़ रही वाहन चोरी की घटनाओं को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक काशीपुर एवं क्षेत्राधिकारी बाजपुर के पर्यवेक्षण में पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का गहनता से निरीक्षण किया तथा संदिग्धों की तलाश शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने लेवड़ा पुल के पास से अजय उर्फ हरीश पुत्र हरगो. विंद निवासी पीडब्ल्यूडी कॉलोनी, बाजपुर को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने मुकदमे में संबंधित धाराओं की बढ़ोतरी करते हुए आरोपी के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक देवेन्द्र सिंह मनराल (विवेचक), कांस्टेबल जरनैल सिंह, मोहम्मद इरफान आदि शामिल थे।

# युवाओं ने राहगीरों व श्रद्धालुओं के लिए लगाई छबील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप में आम जनमानस बेहाल है। बढ़ते तापमान और लू के थपेड़ों के बीच ग्राम सभा बरी अंजनिया के युवाओं ने एक अत्यंत सराहनीय और मानवीय पहल की है। युवाओं ने एकजुट होकर राहगीरों और माता पूर्णागिरि धाम जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए 'छबील' (प्याऊ) का आयोजन किया।

इस सेवा शिविर के माध्यम से युवाओं ने कड़ी धूप में सफर कर रहे यात्रियों को मीठा व शीतल शरबत पिलाकर उनकी प्यास बुझाई। सेवा भाव से ओत-प्रोत युवाओं की यह पहल तपती दोपहर में राहगीरों के लिए बड़ी राहत साबित हुई।.इस पुनीत कार्य के बारे में जानकारी देते हुए युवाओं ने बताया कि वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राहगीरों की परेशानी को देखते हुए, सभी ने आपसी सहयोग से इस सेवा कार्य को करने का निर्णय लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से सूरज मौर्य, सागर कुमार, विशाल मौर्य, अजय मौर्या, मनीष मौर्य, आदित्य मौर्य, मनोज प्रजापति, अजय कुमार, समीर मौर्य, राकेश, रोशन अली और रामायण मौर्य सहित अन्य युवा मौजूद रहे।

# ग्राम बग्गा 54 में खड़ंजा छठ पूजा और शहीद गेट का होगा निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** जिला पंचायत उधम सिंह नगर अजय मौर्या ने ग्राम बग्गा 54 क्षेत्र में विकास कार्यों को रफ्तार देते हुए एक साथ तीन कार्यों का शिलान्यास किया जिसमें 5 किलोमीटर खड़ंजा छठ पूजा स्थल और दो शहीद गेट निर्माण होना सुनिश्चित किया गया जिसको लेकर अध्यक्ष अजय मौर्य ने भूमि पूजन किया।



क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में निर्माण कार्य अधिकारी रूप से शुरू किए गए। मुख मार्ग में जल भराव और कीचड़ की समस्या से निपटने के लिए तीस लाख से 5 किलोमीटर खड़ंजा का निर्माण शुरू किया गया है वहीं श्रद्धालुओं की आस्था को ध्यान में रखते हुए दस लाख की लागत से एक पक्के और सुरक्षित छठ पूजा घाट का निर्माण कराया जा रहा है, साथ ही देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले दिए सपूतों की याद में पांच-पांच लाख की लागत से ग्राम सभा के मुख्य प्रवेश द्वार पर दो भव्य शहीद गेट का निर्माण किया जा रहा है। पूजा अर्चना के दौरान अध्यक्ष अजय मौर्य ने कहा कि यह विकास कार्य सिर्फ बुनियादी ढांचा सुधारने के लिए नहीं है बल्कि यह हमारी आस्था और देश के शहीदों के प्रति सम्मान कृतज्ञता का प्रतीक है। दौरान मौके पर ग्राम प्रधान रमेश लाल, ग्राम प्रधान सोमनाथ मौर्य, गुरप्रीत सिंह खिंडा, दीपक मौर्य, सतीश चंद्र भट्ट, मोहन सिंह चुफाल आदि मौजूद थे।

# व्यक्ति ने की फांसी लगाकर आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में रविवार की शाम एक व्यक्ति ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में पंखे से लटक कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है तो वहीं पुलिस भी मामले की जांच कर रही है।

रामनगर के सरकारी अस्पताल के चिकित्सक डा. हर्ष ने बताया कि मोहल्ला ऊंटपडाव निवासी 45 वर्षीय नीटू पाल पुत्र पाती राम को परिजन बेहोशी की हालत में उपचार के लिए अस्पताल लाए थे उन्होंने बताया कि जब उनके द्वारा उसका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तो उससे पहले ही नीटू पाल की मौत हो चुकी थी। परिजनों का कहना है कि नीटू पाल आज रविवार दोपहर खाना खाने के बाद कमरे में सोने के लिए चला गया था। जब काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं आया तो परिजनों ने कमरे के अंदर जाकर देखा तो नीटू पाल पंखे पर लटका हुआ था। इसके बाद परिजनों के होश उड़ गए और तुरंत उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने भी अस्पताल पहुंचकर परिजनों से जानकारी लेने के साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक दीपक बिष्ट ने बताया कि परि. जनों के अनुसार मृतक कुछ दिनों से परेशान था। मृतक का सरकारी अस्पताल में पंचनामा भरकर शव को मोर्चरी में रखवाया गया है।

# वन विभाग की अभिरक्षा से अभियुक्त फरार

- पुलिस-वन महकमे में मचा हड़कंप
- मेडिकल परीक्षण के लिए ले जाते समय वन कर्मियों को चकमा देकर भागा आरोपी
- पुलिस ने बीएनएस की धारा 262 में मुकदमा दर्ज कर शुरू की तलाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर/चम्पावत।** शारदा वन क्षेत्र में अवैध लकड़ी प्रकरण में गिरफ्तार एक अभियुक्त वन विभाग की अभिरक्षा से फरार हो गया। घटना के बाद वन विभाग और स्थानीय पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया है। आरोपी की तलाश के लिए पुलिस और वन विभाग की टीमें सक्रिय कर दी गई हैं।

जानकारी के अनुसार वन अपराध संख्या 04/ शारदा/ 2026-27 में भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 26, 41, 42 एवं 52 के तहत गिरफ्तार अभियुक्त जगदीश चन्द्र तिवारी पुत्र स्व. शंकर दत्त तिवारी निवासी चन्द कॉलोनी, टनकपुर को वन विभाग की अभिरक्षा में रखा गया था। शनिवार को वन विभाग की टीम आरोपी को मेडिकल परीक्षण के लिए उप जिला चिकित्सालय टनकपुर ले जा रही थी। इसी दौरान आरोपी ने रास्ते में लघुशंका जाने की अनुमति मांगी। वन कर्मियों के रुकते ही उसने मौके का फायदा उठाया और उन्हें चकमा देकर फरार हो गया। वन विभाग के कर्मचारियों ने आरोपी का पीछा करने और आसपास के क्षेत्रों में तलाश करने का प्रयास किया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। घटना के बाद शारदा वन क्षेत्र के वन क्षेत्राधिकारी सुनील शर्मा ने टनकपुर कोतवाली में लिखित तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चेतन रावत ने बताया कि वन विभाग की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 262 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है तथा फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। वहीं घटना की सूचना उच्च वन अधिकारियों को भी भेज दी गई है।

**अवैध लकड़ी प्रकरण में पहले से था गिरफ्तार**

वन विभाग के अनुसार जगदीश चन्द्र तिवारी को शारदा वन क्षेत्र में दर्ज अवैध लकड़ी संबंधी मामले में गिरफ्तार किया गया था। आरोपी के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम की गंभीर धाराओं में कार्रवाई की गई थी। अब अभिरक्षा से फरार होने के बाद उसकी मुश्किलें और बढ़ सकती हैं।

# नौ चोरी की बाइक बरामद, तीन चोर दबोचे

- मंसूरपुर मोड़ पर पुलिस की हुई बड़ी कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना स्वार पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और उनकी निशानदेही पर कुल नौ चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। गिरफ्तार आरोपियों में एक किशोर भी शामिल है।

जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक रामपुर के निर्देश पर रविवार को थाना स्वार पुलिस मंसूरपुर मोड़ पर वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान पुलिस ने दो बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिलों पर सवार तीन संदिग्ध युवकों को रोककर पूछताछ की। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम विशाल उर्फ शाहरूख निवासी बन्नाखेड़ा थाना बाजपुर, पारस निवासी कनौरी थाना बाजपुर जनपद ऊधमसिंह नगर तथा एक किशोर निवासी काशीपुर बताए। जांच के दौरान बरामद मोटरसाइकिलों में से एक बाइक थाना स्वार में दर्ज वाहन चोरी के मुकदमे से संबंधित पाई गई। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों से सख्ती से पूछताछ की, जिसमें उन्होंने वाहन चोरी की कई घटनाओं में शामिल होने की बात स्वीकार कर ली। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने रहमतगंज के निकट स्थित एक खंडहर से सात अन्य चोरी की मोटरसाइकिलें भी बरामद कर लीं। पुलिस के अनुसार बरामद अधिकांश मोटरसाइकिलों की नंबर प्लेटें गायब थीं, जबकि कुछ वाहनों के चेसिस नंबर भी स्पष्ट रूप से पढ़े नहीं जा सके।

बरामद वाहनों में हीरो स्प्लेंडर और बजाज प्लेटिना समेत कुल नौ मोटरसाइकिलें शामिल हैं। पुलिस अब बरामद वाहनों के वास्तविक मालिकों की पहचान करने के साथ-साथ यह भी जांच कर रही है कि इनका संबंध अन्य वाहन चोरी की घटनाओं से तो नहीं है। थाना स्वार में आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक सोहनपाल सिंह, उपनिरीक्षक धीरेन्द्र कुमार, हेड कांस्टेबल नितिन कुमार, कांस्टेबल धीरेन्द्र कुमार तथा कांस्टेबल अश्वनी कुमार शामिल रहे।

## एक नजर

### नित्य गौशाला आश्रम से गौवंशों को किसानों को सौंपने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** ग्राम पंचायत मनिहारगोठ से सटी सैलानीगोठ ग्राम पंचायत स्थित नित्य गौशाला आश्रम में संरक्षित लगभग गोवंशों को नियमानुसार इच्छुक किसानों को उपलब्ध कराने की मांग उठी है। इस संबंध में जिलाधिकारी चम्पावत को एक प्रार्थना पत्र सौंपकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई है।

**ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से लगाई गुहार**

प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि क्षेत्र के कई किसान एवं पशुपालक गौशाला में संरक्षित स्वस्थ गोवंशों का पालन-पोषण करना चाहते हैं। ग्रामीणों का मानना है कि यदि शासन की निर्धारित नियमावली के तहत पात्र किसानों को गोवंश उपलब्ध कराए जाते हैं तो इससे किसानों को पशुपालन में सहयोग मिलेगा और गोवंशों के संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी। ग्रामीणों ने बताया कि गौशाला में बड़ी संख्या में गोवंश संरक्षित हैं, जबकि कई किसान उनकी देखभाल और पालन के लिए इच्छुक हैं। ऐसे में प्रशासन यदि पारदर्शी प्रक्रिया के तहत गोवंशों के आवंटन की व्यवस्था करता है तो इससे किसानों और गौसंरक्षण दोनों को लाभ मिलेगा। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी कर पात्र किसानों को नियमानुसार गोवंश उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए। इस मांग को लेकर क्षेत्र के किसानों और सामाजिक लोगों में सकारात्मक चर्चा है तथा उन्हें प्रशासन से उचित निर्णय की उम्मीद है।

### टाल की जमीन के नीचे दबाकर रखी गई लाखों की अवैध लकड़ी बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर ( चम्पावत )।** शारदा वन रेंज क्षेत्र के अंतर्गत नगर स्थित एक लकड़ी टाल में जमीन के अंदर गहरे गड्ढों में दबाकर रखी गई साल और सागौन की लाखों रुपये मूल्य की अवैध लकड़ी बरामद होने से वन विभाग में हड़कंप मच गया है। दो दिन तक चली कार्रवाई में जेसीबी मशीन की मदद से लगभग 60 गिल्टे (लकड़ी के लट्ठे) बरामद किए गए।



वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर हल्द्वानी वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी कुंदन कुमार के निर्देश पर टीम ने नगर क्षेत्र में स्थित लकड़ी टाल में जांच अभियान चलाया। कार्रवाई में जमीन के भीतर बनाए गए गड्ढों से बड़ी मात्रा में साल और सागौन की लकड़ी निकाली गई। कार्रवाई के दौरान कुल मिलाकर करीब 60 गिल्टे बरामद किए गए। प्रारंभिक जांच में बरामद लकड़ी के वन निगम की किसी लॉट से जुड़े होने की संभावना जताई गई है, जिसकी जांच की जा रही है। इस अभियान का नेतृत्व शारदा की उप प्रभागीय वनाधिकारी डॉ. शालिनी जोशी तथा नंधौर के उप प्रभागीय वनाधिकारी गणेश जोशी ने किया। कार्रवाई में शारदा वन रेंज की टीम भी शामिल रही। बरामदगी के बाद यह सवाल भी उठ रहे हैं कि इतनी बड़ी मात्रा में लकड़ी लंबे समय तक गड्ढों में दबाकर रखे जाने की जानकारी विभागीय तंत्र को पहले क्यों नहीं मिल सकी। फिलहाल विभाग पूरे मामले की विस्तृत जांच में जुटा हुआ है।

# पार्क निर्माण की मांग तेज विधायक से मिले लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ग्राम गुमानपुर स्थित कॉर्बेट ग्रीन सिटी-1 में पार्क निर्माण की मांग को लेकर क्षेत्र के निवासियों का एक शिष्टमंडल रविवार को विधायक दीवान सिंह बिष्ट से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने कॉलोनी में बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के लिए पार्क की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग उठाई।

शिष्टमंडल ने विधायक को बताया कि कॉर्बेट ग्रीन सिटी-1 में बड़ी संख्या में परिवार निवास कर रहे हैं, लेकिन अब तक पार्क जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी है। इससे बच्चों के खेलने और बुजुर्गों के टहलने के लिए उपयुक्त स्थान का अभाव बना हुआ है। विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने प्रतिनिधिमंडल की मांग को गंभीरता से सुनते हुए पार्क निर्माण के संबंध में जल्द आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों की सुविधाओं से जुड़े मुद्दों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इस दौरान पूर्व सैनिक आलम सिंह रावत, सुरेंद्र सिंह रावत, मनोज सिंह रावत, गोपाल सिंह रावत आदि थे।

# पूर्व सैनिकों के हित सर्वोपरिः तापड़िया

- बनबसा छावनी में हुई महत्वपूर्ण गोष्ठी
- स्टेशन कमांडर कर्नल आकाश अशोक तापड़िया ने सुनीं पूर्व सैनिकों की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बनबसा।** स्टेशन मुख्यालय बनबसा छावनी में स्टेशन कमांडर कर्नल आकाश अशोक तापड़िया की अध्यक्षता में पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के कल्याण को लेकर एक महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक में चंपावत, खटीमा, नानकमत्ता, सितारगंज सहित मित्र राष्ट्र नेपाल के महेंद्रनगर-धनगढ़ी क्षेत्र के पूर्व सैनिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

अपने संबोधन में स्टेशन कमांडर ने कहा कि भारतीय सेना अपने पूर्व सैनिकों को सेवानिवृत्ति के बाद भी परिवार का अभिन्न अंग मानती है और उनके सम्मान तथा कल्याण के लिए निरंतर कार्य करती है। उन्होंने कहा कि सेना की यह परंपरा देश के अन्य विभागों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। बैठक में बताया गया कि म्बै पॉलीक्लिनिक बनबसा और सीएसडी कैंटीन में बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त सैनिकों की तैनाती की गई है, जिससे पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को कम समय में अधिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। स्टेशन कमांडर ने जानकारी दी कि हाल ही में बनबसा छावनी में सैनिक आराम गृह की स्थापना की गई है। इससे दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले पूर्व सैनिकों तथा उनके आश्रितों को बेहद कम शुल्क पर ठहरने की सुविधा मिलेगी, विशेषकर उन लोगों को जो इलाज के लिए बरेली मिलिट्री हॉस्पिटल या पैनल अस्पतालों की ओर जाते हैं। बैठक के दौरान पूर्व सैनिक प्रतिनिधियों ने एक स्वर में कहा कि पहले की तुलना में ECHS पॉलीक्लिनिक और सीएसडी कैंटीन की सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने कर्नल बीबी पाल तथा नारायण दत्त पांडे के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि दोनों अधिकारी पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान में हमेशा तत्पर रहते हैं।

गोष्ठी में कैप्टन भानी चंद ने सीएसडी कैंटीन और म्बै पॉलीक्लिनिक के निकट स्थित प्रवेश द्वारों को कार्य समय में खोले जाने की मांग रखी। इस पर स्टेशन कमांडर ने सहमति जताते हुए दोनों गेट कार्य अवधि में खुले रखने का आश्वासन दिया। बैठक में खटीमा, नानकमत्ता, सितारगंज एवं नेपाल क्षेत्र के प्रतिनिधियों सहित कुल 15 पूर्व सैनिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने सुझाव एवं विचार रखे।

### फिट इंडिया का संदेश लेकर सड़कों पर उतरे आईटीबीपी जवान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** फिट इंडिया अभियान के तहत प्रत्येक रविवार आयोजित होने वाले ष्संडे ऑन साइकिलष कार्यक्रम के अंतर्गत आईटीबीपी की 36वीं वाहिनी के जवानों ने साइकिल रैली निकालकर स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत का संदेश दिया।



रैली का शुभारंभ कमांडेंट संजय कुमार ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए नियमित व्यायाम और साइकिलिंग को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि छोटी दूरी तय करने के लिए अधिक से अधिक साइकिल एवं अन्य प्राकृतिक साधनों का उपयोग करें तथा आवश्यकता होने पर ही मोटर वाहनों का प्रयोग करें। साइकिल रैली के माध्यम से जवानों ने आमजन को फिट रहने, प्रदूषण कम करने और ईंधन की बचत के प्रति जागरूक किया। कमांडेंट ने कहा कि जितना अधिक व्यक्ति प्रकृति के साथ आत्मसात होगा, उतना ही वह शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहेगा। कार्यक्रम में सहायक कमांडेंट गौरव कुमार, अनिल कुमार, डॉ. शेरा खान, एस एम दिनेश बिष्ट सहित अन्य अधिकारी एवं जवान मौजूद रहे। सभी प्रतिभागियों ने फिट इंडिया अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

**साइकिल रैली से दिया स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का संदेश**

# राज्यपाल ने अधिकारियों से ली विकास कार्यों की फीडबैक

- आईटीबीपी के अधिकारियों एवं जवानों से किया संवाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) ने अपने दो दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान शनिवार सायंकाल मुनस्यारी में जनपद में संचालित विभिन्न विकास एवं प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर जिलाधिकारी आशीष भटगांई द्वारा पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जनपद में संचालित विकास योजनाओं, निर्माण कार्यों तथा विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई।

प्रस्तुतीकरण के दौरान जिलाधिकारी ने राज्यपाल को मुनस्यारी, धारचूला एवं जनपद के अन्य क्षेत्रों में संचालित महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों, सड़क संपर्क परियोजनाओं, आदि कैलाश यात्रा की व्यवस्थाओं, होमस्टे विकास कार्यक्रमों, सीमांत क्षेत्रों में पर्यटन संवर्धन, वाइब्रेंट विलेज योजना तथा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया। जनपद में संचालित विकास एवं निर्माण कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए राज्यपाल ने जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना की। राज्यपाल ने कहा कि जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में बीते वर्षों में बहुत से विकासात्मक परिवर्तन हुए हैं और यह भी सुझाव दिया कि जनपद के इन विकासात्मक परिवर्तनों का व्यवस्थित अभिलेखीकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की पूर्व एवं वर्तमान स्थिति का तुलनात्मक विवरण तैयार करने से योजनाओं के वास्तविक प्रभावों का आकलन करने में सहायता मिलेगी तथा यह भविष्य की कार्ययोजनाओं के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगा। प्रातः राज्यपाल ने 14वीं वाहिनी भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के मुनस्यारी स्थित टुकड़ी के अधिकारियों एवं जवानों के साथ संवाद किया। उन्होंने सीमांत क्षेत्रों की सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, नागरिक सहयोग तथा राष्ट्र सेवा में आईटीबीपी के योगदान की सराहना करते हुए जवानों का उत्साहवर्धन किया।

# भाजपा मंडल की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

- मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों पर मंथन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। बैठक में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में शिवराज सिंह कठायत उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा विश्वकर्मा, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विपिन कुमार वर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह रावत, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रोहतास अग्रवाल, सघन सहकारी समिति अध्यक्ष नारायण सिंह महर सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने सहभागिता की। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष तुलसी कुवर ने की, जबकि संचालन हरीश कलोनी द्वारा किया गया। इस दौरान संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने, केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में वरिष्ठ कार्यकर्ता हरीश भट्ट, हंसा जोशी, अनीता यादव, अनीता तिवारी, नरेंद्र सिंह, अशोक पाल, शैलेंद्र, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष मुवश्शिर अली, प्रदेश मंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा अमजद भाई, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष कोमल गिरी, महिला मोर्चा की टीम, राम सिंह धोनी, रिजवान, कुमुद जोशी, कांति बल्लभ जोशी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मुकेश जोशी एवं उनकी टीम सहित मंडल, जिला और प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

इसके अलावा सभी शक्ति केंद्र पालक, शक्ति केंद्र संयोजक, प्रभारी, बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में गीता बिष्ट, प्रेम वर्मा, गुड्डी, बिजेंद्र अग्रवाल और धर्मपाल आर्य सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। कार्यकर्ताओं से इन उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

### गदरपुर में 33.45 लाख की लागत से सड़क निर्माण का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं गदरपुर विधायक अरविंद पांडे ने कहा कि गदरपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इसी क्रम में उन्होंने ग्राम सभा सूरजपुर में सूरजपुर नंबर-1 से सूरजपुर नंबर-2 को जोड़ने वाली सड़क का शिलान्यास किया। एक किलोमीटर से अधिक लंबी बनने वाली इस सड़क के निर्माण पर लगभग 33 लाख 45 हजार रुपये की लागत आएगी। सड़क निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन के साथ-साथ कृषि कार्यों में भी सुविधा मिलेगी।



शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अरविंद पांडे ने कहा कि गदरपुर विधानसभा उत्तराखंड की आदर्श विधानसभाओं में से एक है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में क्षेत्र में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो विकास कार्य अभी शेष हैं, उन्हें भी विधानसभा चुनाव से पहले पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में निरंतर प्रगति कर रहा है और भारतीय जनता पार्टी लगातार आगे बढ़ रही है। इस अवसर पर अमरनाथ चुघ, मनोहर लाल शर्मा, राकेश भुड्डी, रिजवान पाशा, गुलशन गंभीर, उमेश गंभीर, रवि शर्मा, शिवम सचदेवा, नवजोत सिंह, अजीत सिंह, फौजी लाल सिंह, संजू शर्मा, कुलबीर सिंह, सिमरनजीत सिंह ढिल्लों, शाहिद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सीएम पुष्कर सिंह धामी के गृह क्षेत्र से चार दर्जा मंत्री नामित

- चारों दर्जाधारियों को आम जनता व पार्टी कार्यकर्ता ने स्वागत कर बधाई दी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के गृह क्षेत्र में पार्टी के चार वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को लाल बत्ती से नवाजे जाने के मामले को 2027 के लिए शुभ संकेत माना जा रहा है। उत्तराखंड सरकार के इस निर्णय का जनमानस ने सराहनीय बताते हुए खुशी भी जाहिर की है। राज्य मंत्री का दर्जा पाने वालों में एक महिला नेत्री पार्टी के विभिन्न पदों में रही हैं। जबकि दूसरे व्यक्ति भारतीय सेना से सेवानिवृत हैं। तीसरे व्यक्ति ने कांग्रेस पार्टी को अलविदा कर भाजपा का दामन थामा है। चौथा युवा कार्यकर्ता पार्टी के विभिन्न पदों के साथी ही दो बार जिला पंचायत सदस्य रहा है।

पूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष कैप्टन गंभीर सिंह धामी को प्रदेश सरकार द्वारा उत्तराखंड पूर्व सैनिक कल्याण सलाहकार परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर नवाजा गया है। कैप्टन धामी भारतीय सेना से सेवानिवृत होने के बाद भारतीय जनता पार्टी की नीतियों एवं रीतियों को बढ़ावा देकर पार्टी में स्वयं की पकड़ बनाई थी। माना जा रहा है कि दर्जाधारी मंत्री बनने पर पूर्व सैनिकों के साथ भी आम जनता में मजबूत स्थिति बनेगी।

पूर्व ब्लाक प्रमुख रहकर 5 साल जन सेवा करने वाले रंजीत सिंह नामधारी ने अपने कार्यकाल का अंतिम साल भारतीय जनता पार्टी से संबंध होकर विकासखंड क्षेत्र में विकास कार्य संपन्न कराए। सिख समाज के अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ता रहे रंजीत सिंह नामधारी को पशु कल्याण बोर्ड के प्रदेश उपाध्यक्ष नामित कर प्रदेश के किसानों में मजबूत पकड़ बनाएंगे। कांग्रेस पार्टी को अलविदा कर भाजपा में सम्मिलित दर्जाधारी मंत्री रंजीत सिंह नामधारी किसानों एवं सिख समाज सहित पशुपालकों में भी मजबूत स्थिति बनाएंगे।

राज्य सतर्कता समिति का उपाध्यक्ष पद से नवाजी गई महिला नेत्री मोहनी पोखरिया ने ग्राम प्रधान निर्वाचित होने के साथ ही अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की। वह ग्राम प्रधान संघ उपाध्यक्ष, ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष, भाजपा मंडल कार्यकारिणी सदस्य, भाजपा जिला मंत्री, प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा सहित अन्य राजनीतिक, सामाजिक व शैक्षणिक संगठनों के पदों पर रहकर सराहनीय कार्य किया है। महिला वर्ग के साथ ही हर वर्ग में पेंठ रखने वाली महिला नेत्री मोहनी पोखरिया को दर्ज मंत्री बनाया जाना भाजपा को मजबूती मिलेगी।

खटीमा ग्रामीण अभियंत्रण सेवा परिषद उपाध्यक्ष पद से नवाजे गए युवा कार्यकर्ता किशन सिंह किन्ना विद्यार्थी परिषद, राम जन्मभूमि आंदोलन में 14 दिन की जेल, राज्य आंदोलनकारी, पंचायत प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, ग्रामीण मंडल के पदों पर कार्य कर चुके हैं। वह दो बार जिला पंचायत सदस्य भी रहे हैं। हर वर्ग के युवाओं, आम लोगों में पेंठ रखने वाले किशन सिंह किन्ना को दर्ज मंत्री बनाकर भारतीय जनता पार्टी उत्तराखंड प्रदेश ने बेहद सूझबूझ का निर्णय लिया है। सीएम पुष्कर सिंह धामी के गृह क्षेत्र से नामित चारों दर्जाधारियों का आम जनता पार्टी कार्यकर्ता स्वागत कर बधाई दे रहे हैं।

### गर्जिया देवी मंदिर के टीले की सुरक्षा को कार्य शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** गर्जिया देवी मंदिर के टीले की बाढ़ सुरक्षा कार्य के द्वितीय चरण के कार्य का विधिवत पूजा अर्चना कर विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने भाजपा कार्यकर्ताओं और अधिकारियों के साथ शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर उपस्थित विभागीय अधिकारियो और सम्बंधित ठेकेदार को मंदिर के टीले की बाढ़ से सुरक्षा कार्य के लिए निर्माणाधीन कार्य को उच्च गुणवत्ता और शीघ्रता के साथ बरसात से पहले पूर्ण करने का विधायक ने अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खाती, घनश्याम शर्मा, सत्यप्रकाश शर्मा, प्रकाश थापा, सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता अजय कुमार, एसडीओ जगत नारायण सिंह, दीप चंद्र पांडे, रविंद्र सिंह,दीप चंद्र जोशी, तारा दत्त पलड़िया, दिशांत पलड़िया, भास्कर पाण्डेय आदि मौजूद रहे।


# मायावती आश्रम की शांत वादियों में गूंजा योग का संदेश

- साधकों ने जमकर किया प्राणायाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष एवं चिकित्सा विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग एवं समन्वय से संचालित ष्योग करो, रहो निरोगष तथा ष्हर घर योग, हर घर प्राणायामष अभियान के अंतर्गत रविवार को ऐतिहासिक मायावती आश्रम में विशेष योग एवं प्राणायाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

घने देवदार वनों, हिमालय के विहंगम दृश्यों और आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर मायावती आश्रम में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत भगवान धन्वंतरि के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पण के साथ हुई। इस अवसर पर उपस्थित साधकों ने योग एवं प्राणायाम के माध्यम से स्वास्थ्य, मानसिक शांति और आत्मिक ऊर्जा का संदेश ग्रहण किया। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रकाश बसेड़ा ने आश्रमाध्यक्ष स्वामी शुद्धिदानंद महाराज जी सहित अन्य संत-महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा देता है। योग प्रशिक्षक विजया जोशी तथा योग अनुदेशक लिला जोशी एवं सोनिया आर्या एवं विजय देउपा ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं प्राकृतिक चिकित्सा से जुड़ी महत्वपूर्ण क्रियाओं का अभ्यास कराया।



**पढ़ते रहिए दैनिक शाह टाइम्स और ताजा खबरों के लिए हमसे जुड़े रहे।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री दिव्यांशी का जन्म प्रमाण पत्र पूर्व में नगर पालिका टनकपुर से पंजीकरण संख्या 342 पंजीकरण दिनांक 06.09.2016 के माध्यम से जारी करवाया गया था। जिसमें मेरी पुत्री का नाम दिव्यांसी तथा पत्नी का नाम कविता देवी अंकित करवा दिया गया था। परन्तु अभिलेखानुसार मेरी पुत्री का वास्तविक नाम दिव्यांशी एवं पत्नी का नाम कविता पुजारी है। अतः पुत्री को दिव्यांशी एवं पत्नी को कविता पुजारी नाम से ही जाना जाए।

**गोविंद सिंह पुजारी वार्ड नंबर 6 टनकपुर ( चंपावत )**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री खुशी पुजारी का जन्म प्रमाण पत्र पूर्व में नगर पालिका टनकपुर से पंजीकरण संख्या 89 पंजीकरण दिनांक 21.02.2013 के माध्यम से जारी करवाया गया था। जिसमें मेरा नाम कविता देवी अंकित करवा दिया गया था। परन्तु अभिलेखानुसार मेरा वास्तविक नाम कविता पुजारी है। अतः मुझे कविता पुजारी नाम से ही जाना जाए।

**कविता पुजारी पत्नी गोविंद सिहं पुजारी वार्ड नंबर 6 टनकपुर ( चंपावत )**

### महुआ डाबरा मंडल की मासिक बैठक का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जसपुर।** भाजपा के यशस्वी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के निर्देशों के क्रम में नादेही शुगर मिल गेस्ट हाउस में महुआ डाबरा मंडल की मासिक बैठक का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस मौके पर बैठक की अध्यक्षता मंडल महामंत्री शुभम चौहान ने की। बैठक में उपस्थित जिला उपाध्यक्ष विनीत चौहान ने अपने संबोधन में संगठन कार्यकर्ताओं को बूथ मैनेजमेंट के विषय में विस्तार से बताया इसके अलावा उत्तराखंड राज्य में एस आई आर प्रक्रिया में बी एल ओ का सहयोग करने की बात की। उन्होंने प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में मासिक बैठक करने एवं शक्ति केंद्र के विषय में जागरूक किया। बैठक में विनीत चौहान, मनप्रीत लाडी, शुभम चौहान, शरीफ खान पत्रकार, विजयपाल सिंह सैनी आदि थे।

